कार्यालय प्रधान महालेखाकार (ले व ह) पंजाब एवं यू.टी, चण्डीगढ़

प.स.– हिंदी कक्ष/ मू.टि.आ./1/22–23/3 दिनांक:– 09.05.2022

परिपत्र

विषयः मूल हिंदी टिप्पण आलेखन प्रोत्साहन योजना

भारत सरकार द्वारा लागू की गई मूल हिंदी टिप्पण आलेखन प्रोत्साहन योजना **वर्ष 2022–23** के लिए लागू की जा रही है। इस योजना में अधिक से अधिक अधिकारी/कर्मचारी भाग लें। इस योजना में भाग लेने हेतु विहित शर्तें निम्न प्रकार से हैं:–

1. सभी श्रेणियों के वे अधिकारी/कर्मचारी इस योजना में भाग ले सकते हैं जो सरकारी काम पूर्णतः या कुछ हद तक हिंदी में करते हैं।
2. इस प्रोत्साहन योजना में केवल वही अधिकारी/कर्मचारी पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगें जो **कम से कम 20 हजार शब्द लिखेंगें।**
3. इसमें मूल टिप्पण व प्रारूप के अलावा हिंदी में किए गए अन्य कार्य जैसे–**रजिस्टर में प्रविष्टियां सूची तैयार करना, लेखा का काम आदि भी शामिल होगा।**
4. इस योजना के अंतर्गत मूल्यांकन **वित्त वर्ष 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023** के दौरान किए गए हिंदी कार्यों के आधार पर किया जाएगा।
5. इस योजना के अंतर्गत निम्नलिखित **10 पुरस्कार** देने की व्यवस्था है–
   1. *प्रथम (2 पुरस्कार) प्रत्येक रू 5000/–*
   2. *द्वितीय (3 पुरस्कार) प्रत्येक रू 3000/–*
   3. *तृतीय (5 पुरस्कार) प्रत्येक रू 2000/–*
6. मूल्यांकन के लिए 100 अंक रखे जाएगें। इसमें से 70 अंक हिंदी में किए गए कार्य की मात्रा के लिए रखे जाएंगें और 30 अंक विचारों की स्पष्टता के लिए होंगें।
7. प्रतियोगी प्रतिदिन अपने हिंदी में लिखे गए शब्दों का लेखा जोखा संलग्न प्रपत्र में रखेंगें।
8. प्रत्येक सप्ताह का लेखा जोखा अगले उच्च अधिकारी द्वारा सत्यापन के पश्चात प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए।

अतः आप सभी अधिकारियों से अनुरोध है कि इस योजना को अपने अनुभाग में प्रभावी ढंग से लागू करें जिससे आपके अनुभाग के अधिकारी/कर्मचारी इस योजना में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

संलग्नः प्रपत्र

हस्ता –

वरिष्ठ लेखा अधिकारी (हिंदी)

प.सं– हिंदी कक्ष/ मू.टि.आ./1/22–23/37–39 दिनांक:– 09 .05.2022

प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित–

1. सभी अनुभाग
2. सभी सूचना पट्ट
3. आई.टी. सैल– सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को परिचालित करने हेतु।

वरिष्ठ लेखा अधिकारी (हिंदी)

प्रपत्र

श्री/सुश्री ....की...................................को समाप्त होने वाले सप्ताह में हिंदी के मूल काम की साप्ताहिक विवरणी।

विवरणी

क सं	तिथि	कुल फाईलो, रजिस्टरों आदि की संख्या जिनमें हिंदी में काम किया गया	हिंदी में लिखे गए टिप्पण और आलेखन के शब्दों की संख्या	हिंदी में किए गए अन्य संख्या	संक्षिप्त ब्यौरा व शब्दों की संख्या	उच्च अधिकारी के हस्ताक्षर (सप्ताह में एक बार)
1						
2						